दिग्विजय-जीतू में वर्चस्व की लड़ाई से संगठन बिखरा

▶ कांग्रेस की कलह पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 30 जून. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मप्र कांग्रेस आज गहन नेतृत्व संकट, गुटबाजी और आंतरिक कलह से जूझ रही है. पार्टी का पूरा संगठन विभिन्न गुटों में बंट चुका है और उसके नेता जनता के मुद्दों के बजाय आपसी वर्चस्व की राजनीति में उलझे हुए हैं.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीच लंबे समय से चल रहा नेतृत्व संघर्ष अब संगठन के हर स्तर पर दिखाई दे रहा है. इस खींचतान के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति है और संगठन पूरी तरह दिशाहीन होता जा रहा है. कांग्रेस के नेता अपनी विफलताओं और गुटबाजी से ध्यान हटाने के लिए मीडिया की सुर्खियां बटोर रहे हैं.

खंडेलवाल ने कहा कि जनता का विश्वास खो चुकी



कांग्रेस के पास प्रदेश के विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कोई सकारात्मक दृष्टि या एजेंडा नहीं बचा है. यही कारण है कि कांग्रेस अपनी आंतरिक कलह और संगठनात्मक विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए समय-समय पर दुष्प्रचार का सहारा लेती है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सार्थक और रचनात्मक विपक्ष की होती है, लेकिन कांग्रेस का पूरा ध्यान अपने आंतरिक विवादों और नेतृत्व संघर्ष तक सीमित होकर रह गया है. जब पार्टी के भीतर ही विश्वास और समन्वय का अभाव हो, तब जनता के हितों का प्रभावी प्रतिनिधित्व संभव नहीं हो सकता.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है. दूसरी ओर कांग्रेस नेता अपनी राजनीतिक विफलताओं और गुटबाजी को छिपाने के लिए निराधार और तथ्यहीन बयानबाजी कर मीडिया की सुर्खियां बटोरने का असफल प्रयास कर रहे हैं. प्रदेश की जागरूक जनता कांग्रेस की इस राजनीति को भली-भांति समझती है और ऐसे प्रयासों को लगातार नकारती रही है.

सीएम से मिले पंडित धीरेंद्र शास्त्री

भोपाल, 30 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को भोपाल पधारे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. शास्त्री का अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर स्वागत किया, उन्हें बाबा महाकाल की प्रतिमा भेंट की. इस अवसर पर पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बागेश्वर धाम द्वारा संचालित संस्थानों की जानकारी दी.

अवैध खनन कर रहे दो पोकलेन व डंपर जब्त

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 30 जून. राजधानी में बिना अनुमति के उत्खनन को लेकर तहसीलदार हुजूर ने कार्रवाई की. दो पोकलेन एक डंपर को जब्त किया गया है. अवैध उत्खनन की शिकातय हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को मिली थी. शिकायत पर एसडीएम ने तहसीलदार शुभम जैन को जांच करने के लिए ईंटखेड़ी क्षेत्र में ग्राम रोजीवे भेजा था.

जांच में पाया गया कि ग्राम रोजीवे में खसरा क्रमांक 56/1 में ठेकेदार को पठार के समतलीकरण के नाम पर खनन की अनुमति दी गई थी, लेकिन ठेकेदार अनुमति के खिलाफ जाकर कहीं 25 फीट तो कहीं 28 फीट पठार खोद कर रहा था. वहीं ठेकेदार द्वारा रिकॉर्ड को लेखा जोखा भी नहीं दिया गया और न ही गहरी खदान के आसपास फेंसिंग पाई गई, जबकि प्रशासन के सख्त आदेश हैं कि गहरी खदान को तार फेंसिंग से कवर किया जाए. जिससे बारिश के दौरान यहां पर जलभराव होने के कारण दुर्घटना न हो. इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर खुदाई कार्य में लगी दो पोकलेन सहित डंपर को जब्त कर दिया.

नीले राशन कार्ड के लिए डेढ़ साल से भटक रहीं

▶ जनसुनवाई में पहुंची 30 महिलाएं

▶ योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 30 जून. कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारी को जल्द निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में 196 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे . हुजूर तहसील के ग्राम पिपलिया बाज खां की लगभग 30 महिलाओं ने कलेक्टर को बताया

कि हम सब अभी ग्रामवासी कच्चे मकानों में रह रहे हैं.डेढ़ साल पहले नीले राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था, जो अब तक नहीं बने. इस कारण पीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. कलेक्टर ने जांच आदेश जारी करते हुए महिलाओं को आश्वासन दिलाया की जल्दी ही सबकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा. करोंद स्थित गैस राहत क्वार्टर निवासरत महिलाओं ने कॉलोनी की सार्वजनिक जगह अवैध कब्जा करने की शिकायत की है. कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए.

सहकारिता से किसानों को मिला उचित मूल्य

भोपाल, 30 जून.भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ किया गया. प्रदेश के छह दुग्ध संघों में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन भोपाल में सहकारिता सेमीनार हुआ, जिसमें ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से करीब 250 दुग्ध संघों के अधिकारी, कर्मचारी और दुग्ध उत्पादक किसान शामिल हुए. एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी ने कहा कि सहकारिता ने किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाया है.

बीयू ने वोकेशनल परीक्षा की तारीख बदली

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 30 जून

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों और शिक्षण विभागों के लिए एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है.विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक स्तर के पहले वर्ष वार्षिक परीक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए पाठ्यक्रम के तहत होने वाले एक प्रश्नपत्र की तारीख में संशोधन किया है.

छात्र बैठक व्यवस्था को सुचारू बनाने के दृष्टिकोण से यह निर्णय लिया गया है.जारी आदेश के अनुसार वोकेशनल विषय डेस्क टॉप पब्लिशिंग (डीटीपी) का जो प्रश्नपत्र पहले 11 जुलाई को आयोजित होने वाला था, उसकी तारीख बदल 13 जुलाई कर दी गई है. विश्वविद्यालय ने प्रबंधन की तरफ से बताया गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव के अलावा बाकी सभी व्यवस्थाएं पहले जैसी ही रहेंगी.यह परीक्षा अपने पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ही होगी और परीक्षा का समय भी सुबह 9 बजे से 11 बजे तक का ही रहेगा.

हिंदी विश्वविद्यालय में रिसर्च फैलो बनने का मौका

भोपाल, 30 जून. विज्ञान के क्षेत्र में शोध करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में एक शानदार अवसर आया है .विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने जूनियर रिसर्च फैलो यानी जेआरएफ के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं . यह नियुक्ति मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित एक विशेष शोध परियोजना के तहत की जा रही है .जिसके लिये इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा और जरूरी दस्तावेजों की कॉपियां ईमेल या डाक के माध्यम से 10 जुलाई तक भेज सकते हैं .योग्य आवेदकों का चयन सीधे साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा .वहीं चुने गए उम्मीदवार को हर महीने 20 हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा .

स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, 30 जून. क्राइम ब्रांच पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 1.95 ग्राम स्मैक और 2 एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं.

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत अभियंता (कार्य) प.म.रे., निर्माण कार्यालय भवन, डी.आर.एम ऑफिस के पास रानी कमलापति, भोपाल-462024 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदायें प्रतिष्ठित ठेकेदारों से, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा क्रमांक:** बीपीएल/एलसी/टी/662 **कार्य का विवरण:** मल्टी-डिसिप्लनरी ट्रेनिंग सेंटर, निशातपुरा भोपाल (फेज-II) में इलेक्ट्रिफिकेशन और विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सहित अन्य विविध जनरल सर्विस कार्य हेतु। **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह **अनुमानित कीमत:** ₹ 13,27,76,163.5/- **बयाना राशि:** ₹ 2,65,500/- **टेंडर फॉर्म की कीमत:** निल **टेंडर बंद होने की दिनांक:** 20.07.2026 (15.00 बजे). **(2) निविदा क्रमांक:** बीपीएल/एलसी/टी/663 **कार्य का विवरण:** अनइलेक्ट्रिफाइड साइडिंग के विद्युतीकरण कार्य के अंतर्गत आरकेएमपी, भोपाल एवं गुना यार्ड में infringing एलटी ओवरहेड लाइन के स्थान पर एलटी केबल से बदलना एवं लाईटिंग व्यवस्था में संशोधन का कार्य हेतु। **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 03 माह **अनुमानित कीमत:** ₹ 27,80,653.50/- **बयाना राशि:** ₹ 55,600/- **टेंडर फॉर्म की कीमत:** निल **टेंडर बंद होने की दिनांक:** 20.07.2026 (15.00 बजे). ई-निविदा की पूर्ण जानकारी IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर एवं इस कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है। ई-बिड के अलावा कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। इस प्रकाशन में शुद्धि पत्र/संशोधन, यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त वेबसाइट में ही दिखाई देगा और इसे कहीं और प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), प.म.रे./ भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कांग्रेस की आंदोलन की चेतावनी

विशेष संवाददाता

भोपाल, 30 जून. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कथित भूमि विवाद को लेकर अपना अभियान तेज करते हुए सरकार से सार्वजनिक जवाब की मांग की है.कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला तो प्रदेशभर में आंदोलन चलाया जाएगा.पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे को विधानसभा, जनआंदोलन और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लगातार उठाया जाएगा.

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और वरिष्ठ नेता मुकेश नायक ने पार्टी की आगामी रणनीति का खुलासा किया. जीतू पटवारी ने कहा कि आरोपों पर सरकार की चुप्पी लोकतांत्रिक जवाबदेही के अनुरूप नहीं है.उन्होंने दावा किया

कि राज्य सरकार के कार्यकाल में आस्था और सार्वजनिक संसाधनों से जुड़े कई विवाद सामने आए हैं तथा कथित भूमि प्रकरण से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है. उन्होंने बताया कि कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) ने प्रदेशव्यापी जनजागरण के लिए तीन प्रमुख मुद्दे तय किए हैं.इनमें युवाओं एवं शिक्षा से जुड़े विषय, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने में आ रही कठिनाइयां तथा कथित भूमि विवाद शामिल हैं.

सीएम आज सिवनी जिले को देंगे सौगातें

भोपाल, 30 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को सिवनी जिले में राज्य-स्तरीय धान महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिले को विकास और किसान कल्याण की अनेक सौगातें देंगे. महोत्सव में कोदो-कुटकी उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि का अंतरण, 494.16 करोड़ रुपये लागत के 629 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य के कोदो-कुटकी उत्पादक 3,941 किसानों के बैंक खातों में 2 करोड 82 लाख 99 हजार 300 रूपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे. यह राशि किसानों को एक हजार रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रदान की जा रही है.

खड़े ट्रक से टकराई कार, दो पुलिस कर्मचारी घायल

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 30 जून. बिलखिरिया थाना इलाके में कार सवार दो पुलिसकर्मी सड़क हादसे में घायल हो गए. पुलिसकर्मियों की कार बीच सड़क पर खड़े एक खराब ट्रक से टकरा गई. हादसे के समय कार के एयरबैग खुल गए थे, जिससे गंभीर हादसा होने से टल गया. जानकारी के मुताबिक ईकोलॉजिकल पार्क के पास मुख्य सड़क पर एक पंचर मिनी ट्रक सोमवार को रात के समय खड़ा था. ट्रक का चालक बिना किसी सांकेतांक चलाए वहां से चला गया था. रात के अंधेरे में ट्रक सड़क पर खड़ा था. इस दौरान कार में सवार दो पुलिसकर्मियों की कार वहां से गुजरी और खड़े ट्रक से टकरा गई. जहांगीराबाद निवासी प्रदीप मिश्रा पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल हैं. वह अपने साथी आरक्षक प्रवीण यादव के साथ विदिशा गए थे. दोनों विदिशा से लौटकर पार्क के पास पहुंचे थे, तभी उनके साथ हादसा हो गया. हादसे में प्रदीप मिश्रा को सिर में और कंधे में चोट आई है और प्रवीण को कंधे में चोट आई है.

आरोपियों का नहीं सुराग

भोपाल, 30 जून. कटारा हिल्स थाना पुलिस पूर्व जज गिरिबाला सिंह के मकान में चोरी करने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी है. आरोपियों के पारदी गैंग से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है. जानकारी के मुताबिक गिरिबाला सिंह के बागमुगलिया एक्सटेंशन कालोनी में बने मकान में तीन दिन पहले अज्ञात चोरों ने धावा बोला. पुलिस की गश्त होने के चलते आरोपियों ने सोने के जेवरात और कुछ फाइलें जो चोरी के लिए ली थी.

नाम परिवर्तन

मैं इफ्फत जहाँन पत्नी श्री शाहिद खान म.नं. 338 करोंद भोपाल म.प्र. यह की पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम इफ्फत खान दर्ज था जो की गलत था. मैं अब इफ्फत जहाँन के नाम से जानी जाती हूं. अत: नए पासपोर्ट पर मेरा नाम इफ्फत जहाँन (IFFAT JAHAN) दर्ज किया जाए.

(RN. 62312)

NAME CHANGE

I Shahida Banokhan H.NO A-1 Sundar Nagar Ashoka Garden Bhopal (M.P.) I declare that my old Name was Shahida Bano Now Has Changed Shahida Bano Khan Hence forth I shall be known as Shahida Bano Khan wife of Afroz Mohammad in future for all purpose Including all the official documentations.

10 साल के बच्चों में भी कमर-सर्वाइकल दर्द, एक्यूपंक्चर से ऑपरेशन टले

डॉ. मृणाल धार्मिक: 28 साल के अनुभव में सैकड़ों मरीजों को बिना दवा राहत

भोपाल। घुटनों का दर्द, कमर दर्द और सर्वाइकल पेन अब उम्र की सीमा लांघ चुका है। पहले यह समस्या 40 की उम्र के बाद दिखती थी, लेकिन अब 10-11 साल के बच्चे भी इन तकलीफों के साथ इलाज के लिए आ रहे हैं। गलत खान-पान और बैठने की आदतें इसका मुख्य कारण हैं।

LNCT यूनिवर्सिटी, भोपाल में संहिता विभाग से जुड़ीं तथा पी.जी. डिप्लोमा इन एक्यूपंक्चर की संचालक डॉ. मृणाल धार्मिक ने बताया कि आयुर्वेद एवं एक्यूपंक्चर उपचार पद्धति अब जनसामान्य में लोकप्रिय हो रही है। वे पिछले 28 साल से इनसे इलाज कर रही हैं।

"एक्यूपंक्चर में नसों को उत्तेजित कर शरीर स्वयं 'एंडॉर्फिन' नामक प्राकृतिक दर्दनिवारक रसायन छोड़ता है। इससे तुरंत राहत मिलती है और कोई दुष्परिणाम नहीं होता। आयुर्वेद के अनुसार दर्द का कारण बढ़ा हुआ वात दोष है। निडलिंग से दूषित वात निकल जाता है," डॉ. धार्मिक ने समझाया।

उन्होंने बताया कि एक्यूपंक्चर में सुई से कोई द्रव शरीर में प्रवेश नहीं करता। सुई बेहद बारीक होती है जिसे बच्चा भी आसानी से सह लेता है। हर मरीज के लिए नई डिस्पोजेबल सुई इस्तेमाल होती है। नियमित 15 दिन की थेरेपी से मरीजों को निश्चित लाभ मिलता है और रक्त संचार भी बेहतर होता है।

डॉ. धार्मिक के अनुसार उनके अनुभव में लंबर-सरवाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका, गठिया, अस्थमा, माइग्रेन, पीसीओडी, अनिद्रा और पक्षाघात जैसे रोगों में एक्यूपंक्चर से ऑपरेशन तक टल चुके हैं। कई मरीज जो चलने-फिरने में असमर्थ थे, थेरेपी के बाद सामान्य जीवन जी रहे हैं।

"दर्द को अब उम्र से जोड़ना गलत है। सही समय पर एक्यूपंक्चर जैसी सुरक्षित पद्धति अपनाकर ऑपरेशन से बचा जा सकता है," उन्होंने कहा।

*संपर्क:
Mobile
9822706031,
9175287531

आयुषी आयुर्वेदिक ॲक्युपंक्चर फिजीयोथेरपी क्लिनीक, डॉ मृणाल धार्मिक

BAMS,MD PhD (sco), DAC Acupuncture (Maharashtra), Address 1: 172 सेक्टर C, शाहपुरा, बंसल अस्पताल के सामने, भोपाल Address 2 : 62/A पियुष नगर, अवधपुरी, राधाकृष्ण मंदिर के पास, भोपाल

श्री गोदरदास मंदिर में कलशारोहण महोत्सव का समापन

बैरसिया, 30 जून. नगर के वार्ड-6 स्थित दुर्गा चौक में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. मौका था श्री गोदरदास राधा कृष्ण मंदिर के नवनिर्मित शिखर पर होने वाले 'कलशारोहण महोत्सव' का. शनिवार से प्रांरभ कलशारोहण महोत्सव का विशेष हवन पूजन ओर प्रसादी वितरण के साथ समापन हो गया. मंदिर के पुजारी पंडित जितेंद शर्मा ने

बताया कि आचार्य प्रमोद शास्त्री के सान्निध्य में कलश यात्रा के साथ ही श्री गणेश पूजन, प्रायश्चित संकल्प, यजमान शुद्धि, पंचांग पूजन, पीठार्चन और जलाधिवास जैसे वैदिक अनुष्ठान विधि-विधान से किए गए. इस धार्मिक आयोजन में दो दिन हवन, नित्यार्चन और महाभिषेक कार्यक्रम हुए. वहीं सोमवार को शिखर कलशारोहण के साथ पूर्णाहुति का आयोजन हुआ. हवन में डॉ. विनोद सक्सेना उर्फ बाबा , नारायण चौरसिया, रामचरण कुशवाह द्वारा भगवान की विधिवत पूजन अर्चना की गई, कलशारोहण महोत्सव गोदर दास मंदिर समिति दुर्गा चौक द्वारा पूर्ण कराया गया. पूर्णाहुति में विधायक विष्णुखत्री , पूर्व विधायक भक्तपाल सिह राठौड़ , जोधाराम गुर्जर , दीपक दुवे , कुवेर सिह गुर्जर , राजमल कुशवाह , नर्मिता शर्मा , आशीष साडला , राजेंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा , आशीष शर्मा , राजेश शर्मा , कमल सेन मौजूद थे.

जमीन विवाद में की मारपीट, केस दर्ज

बैरसिया, 30 जून. बैरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खितवास के कोटवार रामचरण की पत्नी व बच्चियों के साथ घर मे घुसकर मारपीट का मामला मंगलवार को खंड स्तरीय जनसुनवाई में सामने आया. कोटवार की फरियाद सुन तहसीलदार भूपेंद्र सिंह कैलासिया ने प्रकरण दर्ज करने के लिए आवेदन पुलिस को भेज दिया. मामला यह है कि रामचरण गांव खितवास का कोटवार है. उसकी चौकीदारी माफी की 3 एकड़ भूमि लंबे समय से विवादित है. सोमवार की बीती रात आरोपी कोटवार के घर पहुचे और जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर डंडों से मारपीट कर दी , मारपीट की घटना में कोटवार रामचरण, उसकी पत्नी गीता वाई , पुत्री ओमवती व प्रीति वाई के हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई है. कोटवार रामचरण की शिकायत पर थाना प्रभारी ने एसटी-एससी सहित मारपीट की धाराओं में आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	19151938 & 11592157	होम फाइनेंस LAP और प्रॉपर्टी पर लोन	17-June-2026	10,77,111.34/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम: 1. अभिषेक अवस्थी 2. राकेश अवस्थी

संपत्ति का पता: प्लॉट नंबर D-39 की वह पूरी जमीन (जिसका सर्वे नंबर 40/1/7 है और कुल 6.70 एकड़ जमीन में से इसका एरिया 0.0252 एकड़ या 1100.00 वर्ग फुट है), जो गाँव: गेहुंखेड़ा, ग्राम पंचायत: बैरागढ़ चिचली, पीएच नंबर 38, तहसील: हुजूर, ज़िला: भोपाल, मध्य प्रदेश-462042 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: - पूर्व: सड़क, पश्चिम: श्री H.G. बसवराज की जमीन, उत्तर: विक्रेता की जमीन, दक्षिण: सड़क।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 01.07.2026

स्थान: मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार)

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। इन टेन्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **निविदा सूचना एवं क्रमांक:** बीपीएलएनवर्क्स 2026-27 सिगनल 06 **कार्य का नाम:** भोपाल डिवीजन: इनक्रीस ऑफ CSR एंड क्रॉसओवर रिवर्सल ऑन बोथ एंड्स एट बानापुरा स्टेशन इन ET-KNW सेक्शन इन्वोल्विंग आउटडोर वर्क & इंडोर अल्टरेशन वर्क इन एक्सिस्टिग EI **कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 1,82,28,885.45 **निविदा फार्म की कीमत (non refundable):** लागू नहीं। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रू. 364600/- **कार्य समापन की अवधी:** 09 माह। **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 21/07/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 21/07/2026 को 15.30 बजे। **निविदा सूचना एवं क्रमांक:** बीपीएलएनवर्क्स 2026-27 सिगनल 07 **कार्य का नाम:** डिस्मेंटलिंग ऑफ डायमंड क्रासिंग एंड इम्प्रूवमेंट ऑफ ट्रैक स्ट्रक्चर इन्वोल्विंग EI अल्टरेशन एंड एसोसिएटेड इंडोर एंड आउटडोर वर्क एट विदिशा स्टेशन ऑफ भोपाल डिवीजन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 93,75,569.08 **निविदा फार्म की कीमत (non refundable):** लागू नहीं। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रू. 187500/- **कार्य समापन की अवधी:** 09 माह। **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 21/07/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 21/07/2026 को 15.30 बजे।

निविदाकर्ता /बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) भोपाल

055/2026

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।

M.P. POWER GENERATING COMPANY LTD.

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (P&W) , A.T.P.S.; CHACHAI

Phone : 07659-263469; E-mail : sepnwatps21@gmail.com, Mobile No. : 9425808960

No. 001-04/P&W/NIT/960 Chachai, Dated : 25.06.2026

NOTICE INVITING TENDER (Through E-Tendering Only)

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced Contractors/Vendors for the Works/Supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai :-

Tender ID.	Name of Works/Material	EMD Rs.	Last Date of Online Submission of e-Tender	Due Date of Technical Opening of e-Tender
2025_ MPPGC_ 456651_2	Work contract for painting of tower, gantry and equipment support structure of 220 KV switchyard ATPS, MPPGCL, Chachai.	66,300/-	21.07.26 Up to 15:00 HRS	24.07.26 From 15:30 HRS onwards
2026_ MPPGC_ 510036	Work contract for providing assistance to departmental staff for day to day maintenance work at CTD alongwith the repairing and mechanical maintenance work including consumables at ATPS, MPPGCL, Chachai	1,65,200/-	21.07.26 Up to 15:00 HRS	24.07.26 From 15:30 HRS onwards
2026_ MPPGC_ 511581	Supply, installation, testing and commissioning of one (01) No., 8-passenger or above capacity elevator at New Upper Rest House, ATPS MPPGCL Chachai.	50,600/-	20.07.26 Up to 15:00 HRS	22.07.26 From 15:30 HRS onwards
2026_ MPPGC_ 513034	Supply of Prestresses concrete sleeper for day to day maintenance of MPPGCL's private railway siding at ATPS Chachai	27,800/-	20.07.26 Up to 15:00 HRS	24.07.26 From 15:30 HRS onwards
2026_ MPPGC_ 513624